## एक नजर में

### अब तक पुलिस ने 144 को किया जिलाबदर

**रतलाम।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आदतन अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को ऐसे अपराधियों के जिनका आपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी रहा है। विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आदतन अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। 1 जनवरी 2025 से अभी तक आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा कई कदम उठाए। पुलिस के अनुसार सभी थाना प्रभारियों को आदतन अपराधियों को चिह्नित करने के निर्देशन पर कुल 2579 आदतन अपराधियों को चिह्नित किया गया, जिसमें से अभी तक 2064 आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। समय समय पर डोजियर भरवाए जाकर गुंडा परेड की कारवाई की जा रही है। 144 आरोपियों को जिला बदर किए जाने की कारवाई की गई। अभी 17 अपराधियों पर जिलाबदर प्रभावशील है। 76 आदतन बदमाशों प्रत्येक सोमवार को थाने पर हाजिरी हेतु पाबंद किया गया है। बाउंड ओवर का उल्लंघन करने वाले 09 आरोपियों के विरुद्ध 141 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई। 3 आरोपियों की जमानत निरस्त करवाई गई। 3 आरोपियों के विरुद्ध हस्र के तहत करवाई गई। 49 आरोपियों को गुंडा सूची एवं 13 आरोपियों को निगरानी बदमाश सूची में शामिल किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने तथा जनता में सुरक्षा की भावना को सशक्त करने हेतु ऐसे आदतन अपराधियों की लगातार निगरानी की जा रही है। भविष्य में भी पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

### जनगणना कार्य में नियुक्ति अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

**रतलाम।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान गणना के लिए आज जिला स्तरीय प्रशिक्षण का तीसरा दिन जिसमे प्रथम भाग का नगर पालिक निगम रतलाम के प्रमुख जनगणना अधिकारी (आयुक्त ) तथा नगर जनगणना अधिकारी (उपायुक्त) ज़ोनल चार्ज अधिकारी तथा समस्त नगर परिषद नगर पालिका के चार्ज अधिकारी सीएमओ के साथ समस्त लिपिक क़ो राष्ट्रीय प्रशिक्षक जय शहदादपुरी एवं सुश्री ओजास्विनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी रामू भाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि सेवा संकल्प समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियो को आवेदन करवाकर लाभान्वित किया जाये साथ ही हितग्राहियों से आवेदन करवाने हेतु नागरिक भी सहयोग करें। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, करण कैथवास, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### आईटीआई, रतलाम में कल युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन

**रतलाम।** जिला रोजगार अधिकारी यू.पी अहिरवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भोपाल द्वारा युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 27 फरवरी 2026 को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में रखा गया है, जिसमे कृति इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड पीथमपुर धार द्वारा मूसीनिष्ट, फीटर, मैकेनिकल आई.टी आई ट्रेड के 6 रिक्त पद एवं बीई मैकेनिकल के 8 रिक्त पद तथा बीएससी व एमएससी के 8 रिक्त पदो पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक 27 फरवरी 2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो समग्र आई डी, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बॉयोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते है।

### जिले में अब तक कुल 13186 किसान पंजीयन किए

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि शासन निर्देशानुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के तहत सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित 64 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किये जा रहे है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था के तहत एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे द्वारा संचालित 288 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किये जा रहे है। जिले में अब तक तहसील आलोट में 2477, रतलाम ग्रामीण में 3017, जावरा में 2522, ताल में 2334, पिपलौदा में 1657, रतलाम नगर में 672, सैलाना में 295, रावटी में 142 एवं बाजना में 70 किसानों का पंजीयन करवाए गए है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 13186 किसान पंजीयन किए गए है। किसान पंजीयन की तिथि 7 मार्च तक रहेगी।

# अनाज मंडी में तौल गड़बड़ी पर अब सख्ती, तौल कांटा सत्यापन के आदेश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अनाज मंडी में तौल को लेकर सामने आई गड़बड़ियों के बाद मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। किसानों और व्यापारियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी तौल कांटों के सत्यापन के आदेश जारी

**किसान के गेंहू तुलाई में आया था अंतर, 10 दिन में जांच अनिवार्य**

शहर के महू रोड स्थित अनाज मंडी में किसान द्वारा लाए अनाज के तौल में गड़बड़ी के बाद मंडी प्रशासन ने सभी व्यापारियों को तौल संबन्धित आदेश दिए है, शहर और नामली की अनाज मंडी के सभी व्यापारियो को नापतोल विभाग से तोलकाटा सत्यापित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। गड़बड़ी की घटना मंगलवार की बताई जा रही है, जहां मंडी सचिव लक्ष्मी भवर पर भी इसकी गाज गिरी है। मंगलवार दोपहर में मंडी परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब धार जिले के सादलपुर गांव के एक किसान अपना अनाज (गेहू) को लेकर मंडी परिसर में पहुंचा और तोलकाटा पर जब अपना अनाज (गेहूं) तुलवाया तो 70 . 30 क्विंटल बताया। किसान को शंका होने पर किसान ने दोबारा तौल करवाया तो उसमें 95 किलो की गड़बड़ी आई। मामला उजागर होने पर मंडी सचिव लक्ष्मी भवर ने तुरंत संबंधित तोलकांटा व्यक्ति को नोटिस जारी कर दिया।

जब मामले ने तूल पकड़ा और गड़बड़ी की शिकायत उच्च स्तर पर पहुंची तो प्रशासन ने भी संज्ञान लेते हुए तुरंत ही शाम को मंडी सचिव के पद पर कटनी जिले के किशोर नरगावे का स्थानांतरण रतलाम कर दिया। जिला प्रशासन के आदेश पर मंडी प्रशासन ने मंडी परिसर में स्थित सभी व्यापारियो को तौल कांटा मशीन को सत्यापन करने के आदेश जारी किए। मंडी द्वारा जारी आदेश के अनुसार व्यापारी लहसुन प्याज और अनाज को तोलने वाले इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे एवं बाट नापतोल विभाग से 10 दिवस के भीतर परीक्षण कर सत्यापित करावे। व्यापारी द्वारा सत्यापन नहीं कराए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी जिसकी समस्त जवाबदारी व्यापारी की रहेगी।

**मंडी सचिव को को हटाया, नरगावे को जिम्मेदारी**

मंगलवार दोपहर में मंडी परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब धार जिले के सादलपुर गांव के एक किसान अपना अनाज (गेहू) को लेकर मंडी परिसर में पहुंचा और तोलकाटा पर जब अपना अनाज (गेहूं) तुलवाया तो 70 . 30 क्विंटल बताया। किसान को शंका होने पर किसान ने दोबारा तौल करवाया तो उसमें 95 किलो की गड़बड़ी आई। मामला उजागर होने पर मंडी सचिव लक्ष्मी भवर ने तुरंत संबंधित तोलकांटा व्यक्ति को नोटिस जारी कर दिया। जब मामले ने तूल पकड़ा और गड़बड़ी की शिकायत उच्च स्तर पर पहुंची तो प्रशासन ने भी संज्ञान लेते हुए तुरंत ही शाम को मंडी सचिव के पद पर कटनी जिले के किशोर नरगावे का स्थानांतरण रतलाम कर दिया।



## शंका पर दुकानों से पनीर, मिठाई, दूध के नमूने लिए

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर सहित जिले में मिलावटी सामग्री और अशुद्ध सामग्री को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने मिलावटी सामग्री होने की आशंका में दुकानों से पनीर, मिठाई, दूध के साथ ही अन्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए भेंजे। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा द्वारा मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को पंथपीपलोदा रोड ताल स्थित नाकोड़ा मिल्क प्रोडक्ट से पनीर, सब्जीमंडी स्थित तिरुपति ट्रेडर्स से साबूदाना और बीकानेर स्वीट्स से मिठाई, सोनपपड़ी एवं रसगुल्ले के नमूने एवं गुलबलोद स्थित मिल्क चिलिंग सेंटर से भैंस के दूध का नमूने लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए, जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य संस्थानो को गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

**खाद्य विभाग टीम की मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई**



## कोरोना फाइटर डॉ.अमिश का किया सम्मान

रतलाम। श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज के समाजजन डॉ. अमीश व्यास का सम्मान किया गया। श्री व्यास प्लास्टिक सर्जन, माउंट सिनाई हॉस्पिटल न्यू यॉर्क अमेरिका एवं शंघाई एशिया प्रशांत प्लास्टिक सर्जरी हॉस्पिटल मैं पिछले 12 वर्षो से चीन एवं यूएसए मेंअपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना काल में कोरोना बीमारी में अपनी सेवाएं जारी रखी व कई प्रभावित लोगों को राहत देने का काम किया। रतलाम श्रीमालीवास स्थित अपने आवास पर 90 वर्षीय दादी यशोदा व्यास, माताजी कविता व्यास की मौजूदगी में श्री श्रीमाली ब्राह्मण सांस्कृतिक मंच महिला युवा समिति के पदाधिकारी ने समाज के गौरव डॉ. व्यास एवं परिवार को सम्मानितकिया। सांस्कृतिक मंच के विधि सलाहकार विपिन त्रिवेदी एवं उपस्थित सभी पदाधिकारी ने डॉ. अमीश व्यास का केसरिया दुपट्टा व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज सांस्कृतिक मंच के प्रवक्ता जुगल किशोर ओझा, चेतन व्यास, अरुणेश व्यास, तन्मय व्यास, विपिन त्रिवेदी, भूपेंद्र व्यास, अविनाश व्यास, प्रवेश कोटिया, गोपाल दशोत्तर, अभी दवे ईनू, सीमा ओझा, प्रांजल जोशी आदि उपस्थित थे। अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज नवयुवक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. व्यास ने रेलवे चिकित्सालय में भी कांटेक्ट बेसिस पर लगभग 6 माह अपनी सेवाएं दी थी।

## मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़

**सैलाना।** मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ करने की शिकायत की गई हैं। शिकायत में बताया कि आरोपी ने नाराज होकर अन्य साथियों के साथ मिलकर विवाद कर टवेरा वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान किया। पुलिस के अनुसार ग्राम करिया निवासी राधा बाई पति हेमंत बैरागी ने पुलिस को बताया कि राहुल पिता शंकरदास बैरागी ने जितेंद्र पिता भेरुदास बैरागी, मनोहरदास पिता बद्रीदास और अन्य साथियों के साथ मिलकर विवाद कर टवेरा वाहन में तोड़फोड़ कर नुकसान किया। फरियादिया के अनुसार आरोपियों ने उसके मुहं बोले बाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर वाहन में तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी:** नई आबादी पलसोड़ा में विष्णु पिता गेंदालाल राठौड़ का वही के निवासी भरत पिता मोहनलाल राठौड़ से विवाद हो गया। विवाद में भरत ने बेटे राहुल के साथ मिलकर विष्णु के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।

## कार्यशाला में उद्योगों के लिए शून्य दोष- शून्य प्रभाव गुणवत्ता प्रमाणन के महत्व व प्रक्रिया की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्रों के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए 25 फरवरी 2026 को डिविजनल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, रतलाम में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन "एडैप्ट एजुसिस प्राइवेट लिमिटेड" द्वारा "मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन)" के मार्गदर्शन में किया गया, जो राज्य में आरएएमपी योजना की नोडल संस्था है।

**उद्योगों हेतु गुणवत्ता एवं सरकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सौरभ पाण्डेय, अध्यक्ष डिविजनल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन संदीप व्यास, अध्यक्ष मालवा चेम्बर ऑफ कॉमर्स वरुण पोरवाल तथा अध्यक्ष नमकीन एवं सहायक खाद्य क्लस्टर एसोसिएशन वैभव कुमार जैन उपस्थित थे।



कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रवि वर्मा, आरएएमपी परामर्शदाता, उज्जैन संभाग द्वारा आरएएमपी योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं एवं उद्योगों के लिए इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। हेमंत झा, प्रमाणित गुणवत्ता परामर्शदाता द्वारा उद्योगों के लिए शून्य दोष शून्य प्रभाव गुणवत्ता प्रमाणन के महत्व, उसकी प्रक्रिया एवं उससे होने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। एडैप्ट एजुसिस प्राइवेट लिमिटेड के चंदन वाधवानी द्वारा सरकारी ई-बाजार मंच तथा डिजिटल व्यापार मंचों के माध्यम से उद्योगों के उत्पादों के विपणन और नए बाजार अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त सौरभ पाण्डेय द्वारा महाप्रबंधक अतुल बाजपेयी के मार्गदर्शन में प्रदेश की नई औद्योगिक नीतियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति 2025, मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति तथा मध्यप्रदेश भूमि नियम 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में रतलाम औद्योगिक क्षेत्र की विनिर्माण इकाइयों से लगभग 55 उद्योग प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें गुणवत्ता सुधार, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपने उत्पादों के विपणन को बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## राम मंदिर में उड़े फाग के रंग, भजनों पर झूमीं महिलाएं

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सैलाना रोड स्थित राम मंदिर परिसर में मंगलवार दोपहर फागोत्सव मनाया गया। आयोजनकर्ता भगवती राधा एवं भगवान माधव रहे। कार्यक्रम में भजन गायिका श्रीमती नूतन भट्ट ने अपने सुमधुर कंठ से फाग उत्सव के पारंपरिक गीत एवं भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में 'आज बिरज में होली रे रसिया, होली रे रसिया, बरजोरी रे रसिया...' जैसे लोकप्रिय फाग गीतों की प्रस्तुति पर उपस्थित महिलाएं भावविभोर होकर झूम उठीं। भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के भजनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। फाग उत्सव में महिलाओं ने ड्रेस कोड के रूप में लहंगा एवं लाल-पीली साड़ियां धारण कर सहभागिता की, जिससे पूरा मंदिर परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महिलाओं ने गरबा खेलते हुए गुलाल उड़ाया और भजनों के साथ झूमते-गाते उत्सव का आनंद लिया।

अंत में विधिवत आरती संपन्न की गई तथा प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में में समस्त भक्त जनों के साथ विशेष रूप से नगर निगम अध्यक्षा श्रीमती मनीषा शर्मा सहित महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की जानकारी नार्मदीय ब्राह्मण महासभा सचिव भजन गायिका श्रीमती नूतन भट्ट द्वारा प्रदान की।



## महिला से मारपीट

**रतलाम।** बिलपांक थाना थाना क्षेत्र के ग्राम अंबोदिया में रुपीबाई पति बाबू कतीजा के साथ बसंतीलाल पिता अंबाराम कतीजा ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। वहीं बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम धावडादेह निवासी हुरजी पिता हुकमा मुनिया का राजू पिता नाथु डोडियार से विवाद हो गया। विवाद में राजू ने मोहन पिता उंकार डामर, बद्री पिता उंकार के साथ मिलकर हुरजी मुनिया के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर बाजना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध शराब में फरार ईनामली आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** पुलिस ने अवैध शराब के मामले में फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। थाना प्रभारी नामली गायत्री सोनी के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी नरेन्द्रसिह उर्फ भूरा नायन को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने बताया कि आबकारी एक्ट में फरार आरोपी नरेन्द्र उर्फ भूरा पिता भगवानसिह सोलंकी (38) निवासी ग्राम नायन घटना दिनांक से ही फरार होकर आरोपी निरंतर पुलिस से बच रहा था। एसपी अमित कुमार द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ईनाम की उद्घोषणा भी की गई थी। नामली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवार को आरोपी को पकड़ कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में गुरूवार को पेश किया जावेगा।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका :** निरी. गायत्री सोनी थाना प्रभारी नामली, उनि कन्हैया अवास्या, सउनि प्रदीप शर्मा, प्र.आर. गोपाल खराडी, आर. माखनसिह, आर.राघवेन्द्र जाट की महत्वपुर्ण भुमिका रही। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रतलाम द्वारा टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

## विद्युत मोटर चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार... 3 फरार

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा पुलिस को विद्युत मोटर चोरी की घटनाओं में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी की सात विद्युत पानी की मोटर और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया है।

एसपी अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा जिले में चोरी, लूट एवं नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार निर्देश दिए जा रहे थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेककुमार लाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र जावरा निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने ग्रामीणों की सहायता से थाना अपराध धारा 303(2) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी के इस मामले में सोहेल पिता सईद हुसैन (28), निवासी लक्ष्मीबाई रोड जावरा, शेर अली पिता इकबाल हुसैन (30), निवासी आखरीपुरा जावरा, उदिया पिता भगवान भील, (30), निवासी हुसैन टेकरी जावरा, फरियाद पिता (नवासा) कल्ले बाबू, (19), निवासी आखरीपुरा तालनाका जावरा को गिरफ़्तार किया हैं। वहीं मामले में मोनू निवासी जावरा, बाबू निवासी जावरा तथा दिलावर खान निवासी ताल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी हैं। आरोपियों से पूछताछ में थाना क्षेत्र के अलग-अलग 5 प्रकरणों में चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई सामग्री एवं वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया।



**लाखों का सामान जब्त**

पुलिस ने मामले में आरोपियों के कब्जे से 07 नग विद्युत पानी की मोटर किमत लगभग 1 लाख 40 हजार तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा किमत लगभग 1 लाख सहित कुल 2 लाख 40 हजार का मश्रुका जप्त किया हैं। मामले में निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान (टीआई), उप. निरी. प्रतापसिंह भदौरिया, हर्षेन्द्रबहादुर दीक्षित, सहा. उप. निरी.नरेश पाण्डेय, रावजी डामोर, प.आर. हिमांशु, मार्कण्डेय मिश्रा, संजय आजना, आर. अभिजीत सिंह, कमलेश डागी, पवन शर्मा, हीरालाल डांगी, अर्जुन चंदेल, महिला आरक्षक कौशल्या धनगर एवं एफ आरवी चालक शिवराज सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

## किसानों ने मुआवजे की लगाई गुहार

**जावरा।** तहसील के ग्राम अरनियागुर्जर में हाल ही में हुई मावठा बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। गेहूँ की पकती फसल खेतों में ही आड़ी गिर गई है, जिससे ग्रामीण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। परेशान किसानों ने एसडीएम जावरा सुनिल जायसवाल तथा पिपलौदा तहसीलदार देवेन्द्र दानगढ़ को आवेदन पत्र देकर प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग उठाई है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दिनों हुई तेज बारिश के साथ गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। कई खेतों में फसल जमीन पर चिपककर गिर गई है, जिससे बालियां सड़ने और दाने काले पड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के ठीक पहले आई इस प्राकृतिक मार ने पूरे सीजन की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया है।

**तहसीलदार पिपलौदा को भी सौंपा आवेदन:** ग्राम अरनियागुर्जर के समस्त ग्रामवासियों ने तहसीलदार पिपलोदा को भी आवेदन सौंपा।

**ज्ञापन** — आवेदन देकर सोसायटी के चुनाव कराए जाने की मांग

## 10 साल से नहीं हुए रेडक्रॉस के चुनाव, प्रशासन से जवाब मांगा



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव लंबे समय से नहीं होने का मामला अब सार्वजनिक रूप से उठाया गया है। समाजसेवी चन्द्रशेखर शर्मा (रोजाना), नितेश सुराणा तथा अकबर मिर्जा ने एसडीएम एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जावरा सुनिल जायसवाल के नाम एक को लिखित आवेदन देकर सोसायटी के चुनाव कराए जाने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया कि जावरा स्थित रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव लगभग पिछले 10 वर्षों से आयोजित नहीं किए गए हैं। पूर्व में इस संबंध में मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे संस्था की गतिविधियां सीमित होकर रह गई हैं।

उन्होंने कहा कि यदि नई समिति का गठन कर सदस्यों को जोड़ा जाता है तो रेडक्रॉस के माध्यम से शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामाजिक और जनसेवा कार्यों को गति मिल सकेगी। स्वास्थ्य सहायता आपदा राहत, रक्तदान शिविर और जरूरतमंदों की मदद जैसे कार्य प्रभावी रूप से संचालित हो पाएंगे।

**एक सप्ताह में चुनाव प्रक्रिया शुरु करें**

आवेदन में प्रशासन से मांग की गई है कि एक सप्ताह के भीतर चुनाव प्रक्रिया एवं नीति की जानकारी दी जाए तथा शीघ्र चुनाव कराए जाएं। आवेदन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर रतलाम को भी प्रेषित की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेडक्रॉस जैसी महत्वपूर्ण संस्था का निष्क्रिय रहना क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। यदि समय रहते चुनाव नहीं कराए गए तो यह मामला जनआंदोलन का रूप भी ले सकता है।